चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

पत्रांकः बी0एड0 परीक्षा/3977
दिनांक :05.05.2022

विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड 19 को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2021 (सत्र 2020–22) में प्रथम वर्ष की परीक्षायें आयोजित नही हुयी थी इन परीक्षार्थियों को प्रोविजनली प्रौन्नत कर दिया गया था। ऐसे सन्दर्भित छात्र जिनका परीक्षा फार्म अपूर्ण था किन्तु वर्ष 2021 (सत्र 2020–22) बी0एड0 प्रथम वर्ष में प्रोविजनली प्रौन्नत हो गये है, के सम्बन्ध में परीक्षा समिति दिनांक 23.03.2022 मद संख्या–21 के अनुपालन में ऐसे विद्यार्थियों के 2021 के प्रथम वर्ष (सत्र 2020–22) के परीक्षा फार्म पूर्ण कराते हुये वर्ष 2022 में बी0एड0 द्वितीय वर्ष के परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान किया गया है।

अतः विश्वविद्यालय परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निम्न प्रक्रिया अपनायी जा रही है :–

1. यदि उक्त छात्र बी0एड0 प्रथम वर्ष 2021 (सत्र 2020–22) हेतु सभी मानको के अनुसार अर्ह थे, उनका परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा **दिनांक 07.05.2022 से 11.05.2022 तक ऑनलाईन पोर्टल उपलब्ध कराया जा रहा है।**
2. ऐसे विद्यार्थी जो बी0एड0 प्रथम वर्ष 2021 (सत्र 2020–22) हेतु सभी मानको के अनुसार अर्ह थे, जिनके परीक्षा फार्म ऑनलाइन महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सत्यापित नहीं किये गये थे, ऐसे परीक्षा फार्मों को महाविद्यालय/संस्थान द्वारा ही सत्यापित कराये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल खोला जा रहा है।
3. किसी भी दशा में परीक्षा फार्म सत्यापित करने का अधिकार मात्र महाविद्यालय/संस्थान का ही होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर कोई परीक्षा फार्म सत्यापित नहीं किया जायेगा।
4. विद्यार्थी से प्रवेश शुल्क प्राप्ति के लिए महाविद्यालय/संस्थान स्वयं उत्तरदायी होगा तथा समस्त अर्ह विद्यार्थियों के परीक्षा फार्मों का सत्यापन महाविद्यालय/संस्थान एक ही बार में किया जाना सुनिश्चित करें। बार–बार विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन पोर्टल नहीं खोला जायेगा।
5. महाविद्यालय/संस्थानो द्वारां परीक्षा फार्म पूर्ण होने के पश्चात उपर्युक्त सन्दर्भित **विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म नियमानुसार समस्त संलग्नकों सहित बी0एड0 परीक्षा विभाग में दिनांक 12.05.2022 तक** जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. बी0एड0 प्रथम वर्ष 2021 (सत्र 2020–22) के परीक्षा फार्म पूर्ण होने के पश्चात ही विद्यार्थी बी0एड0 द्वितीय वर्ष का परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह होंगे।

6/05/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान (बी0एड0 पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, माननीय परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेण्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रबन्धक/प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

06/05

सहायक कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)